बिग मैक्स और

लापता मूस का रहस्य

किन प्लैट

हिंदी: इंदूजी

बिग मैक्स और लापता मूस का रहस्य

किन प्लैट

हिंदी: इंदूजी

बिग मैक्स ने फोन की ओर देखा.

“आज किसी ने भी फोन नहीं किया,” उसने कहा.

बिग मैक्स
संसार का सबसे
महान जासूस

"क्या आप एक लापता मूस को ढूँढ सकते हैं?"

एक आदमी ने कहा.

"मैं कुछ भी ढूँढ सकता हूँ,"

बिग मैक्स ने उत्तर दिया.

"तो फिर मर्विन को ढूँढो," उस आदमी ने कहा

"एक मूस को खोना आसान नहीं है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"नगर के चिड़ियाघर आ जाओ," उस आदमी ने कहा.

"मैं अभी आ रहा हूँ," बिग मैक्स ने उत्तर दिया.

बिग मैक्स ने अपनी छतरी में फूँका.

छतरी हवा से भर गई.

“उड़ने के लिए तैयार,” उसने कहा.

बिग मैक्स हवा में उड़ने लगा.

शीघ्र ही वह एक हवाई जहाज़

के निकट पहुँच गया.

“मैं एक लापता मूस को ढूँढ रहा हूँ,”

बिग मैक्स ने ऊँची आवाज़ में कहा.

“सॉरी,” जहाज़ के कैप्टन ने कहा.

“वह हमारे साथ नहीं है.

हम सिर्फ लोगों को हवाई जहाज़ में ले जाते हैं.”

बिग मैक्स ने कुछ सीगल देखे.

“हम मछलियाँ ढूँढ रहे हैं,”

एक सीगल ने कहा

“क्या हमारे साथ ब्रेकफास्ट करोगे?”

“नहीं, धन्यवाद,” बिग मैक्स ने कहा.

“मैं एक मूस को ढूँढ रहा हूँ,”

“उसे देख कर लगता है कि वह

अधिक नहीं खाता है,” दूसरी सीगल ने

कहा.

बिग मैक्स उड़ता हुआ चिड़ियाघर के ऊपर आ पहुँचा.

“उतरने के लिए तैयार हो जाओ,” वह चिल्लाया.

बिग मैक्स तेज़ गति से नीचे आया.

वह धड़ाम नीचे आ गिरा.

“आऊ!” एक आदमी चीखा.

“मैं आपको बताना भूल गया था कि

मैं छाते की मदद से यात्रा करता हूँ,”

बिग मैक्स ने कहा.

“अब मुझे पता लग गया है,”

उस आदमी ने कहा.

“मैं चिड़ियाघर की देखभाल करता हूँ.

मेरा नाम मिस्टर ज़ोंकर है.”

“क्या आपका मूस, मर्विन, खो गया है या

चोरी हो गया है?” बिग मैक्स ने पूछा.

“एक मूस को कौन चुराना चाहेगा?

मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

“मर्विन तो पूरा घर घेर लेगा.

और वह बहुत अधिक खाता है.

कोई भी ऐसा पालतू पशु

नहीं रखना चाहेगा.

यहाँ पर हमारे पास बहुत सारे पशु हैं,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“आर्डवार्क से लेकर ज़ेबरा तक.

लेकिन मर्विन हमारा इकलौता मूस था.”

“मैं उसे ढूँढ निकालूंगा,” बिग मैक्स ने कहा.

“यह मर्विन का पिंजरा है,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“हॉट डॉग के स्टैंड के बिलकुल पास.”

“मुझे हॉट डॉग बहुत पसंद हैं,”

बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन को भी बहुत पसंद हैं,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“बहुत सारी राई के साथ.”

“मुझे भी,” बिग मैक्स ने कहा.

“हम्म. मर्विन का पिंजरा

अभी भी बंद है.

“और पिंजरे की सलाखें मुड़ी हुई नहीं हैं,

मर्विन सलाखों के बीच से निकल कर नहीं गया.”

“मर्विन को कूदना अच्छा लगता है,”

मिस्टर ज़ोंकर ने बताया.

“एक मूस इतना ऊँचा नहीं कूद सकता,”

बिग मैक्स ने कहा. “मर्विन को आपने

अंतिम बार कब देखा था?”

“कल,” मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“पाँव के निशान नहीं हैं,” बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन ने लापता होने का

कोई नया तरीका अपनाया है.”

“आप मुझे बता रहे हैं,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“हम्म,” बिग मैक्स ने कहा.

“यहाँ मुझे मूंगफली के छिलके दिखाई दे रहे हैं.”

“मर्विन को मूंगफली भी पसंद है,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“यह एक सुराग हो सकता है,”

बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन कहाँ से आया था?”

बिग मैक्स ने पूछा.

“वह उत्तर दिशा से आया था

जहाँ मूस की भूमि है,” मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“हम्म,” बिग मैक्स ने कहा.

अचानक उन्हें एक आवाज़ सुनाई दी,

गुरररररररर्र!

“यह क्या है?” बिग मैक्स ने पूछा.

“मेरे शेर घबरा रहे हैं,” मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“ऐसे तेज़ हवा वाले दिन उन्हें

गुब्बारे अच्छे नहीं लगते.”

“मुझे तो कहीं गुब्बारे दिखाई नहीं दे रहे,”

बिग मैक्स ने कहा.

“उधर, वहाँ गुब्बारे-वाला है,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"वह गुब्बारों में हवा भरता है और

उन्हें बच्चों को बेचता है."

"यह तो अच्छी बात है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"शेरों के लिए नहीं,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"वह गुब्बारों से घृणा करते हैं."

"मर्विन को गुब्बारे कैसे लगते थे,"

बिग मैक्स ने पूछा.

"उसे गुब्बारे पसंद थे,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"मैं बच्चों को खुश देखना चाहता हूँ,"

बिग मैक्स ने कहा.

"वह अधिक समय तक खुश न रहेंगे,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा. "देखो!"

बच्चों ने गुब्बारे हवा में लहराये

और शेरों को अपने गुब्बारे दिखाये.

तेज़ हवा चलने लगी.

हवा गुब्बारों को उड़ाकर दूर ले गई.

"वापस आओ!" बच्चे चिल्लाये.

शेर गुब्बारों पर झपटे.

किसी शेर ने उनको खाना चाहा.

पॉप पॉप पॉप पॉप पॉप!

गुब्बारे अलग हो गए.

बच्चे चिल्लाने लगे

और शेर दहाड़ने लगे.

गररररररररर्र!

“मर्विन को कभी गुस्सा नहीं आया,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“वह बच्चों को प्यार करता था.”

बिग मैक्स ने मर्विन के पिंजरे को देखा.

पिंजरा गुब्बारों से भरा हुआ था.

"हाँ!" बिग मैक्स ने कहा.

"मैं समझ गया कि वह कैसे भागा!

जल्दी आओ!

अगर हम देखें और सोचें

तो कोई भी केस कठिन नहीं है."

"अगर आप मर्विन को ढूँढ

नहीं पाए तो मुझे अपनी

नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“मूस की आवाज़ ऊँचे भोंपू समान होती है,”

बिग मैक्स ने कहा.

“अगर मर्विन आसपास है

तो हम उसे ढूँढ लेंगे.”

उन्होंने एक ऊँची आवाज़ सुनी.

अह-हूम्म्म!

वह दौड़ कर मोड़ के दूसरी ओर गए.

“वह मर्विन नहीं है,”

बिग मैक्स ने कहा.

“यह तो किसी गाड़ी के हॉर्न की आवाज़ है.”

“मैं भी धोखा का गया था,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

उन्होंने फिर एक ऊँची आवाज़ सुनी.

अह-हूम्म्म-अह-हूम्म्म!

"मर्विन, जहाँ तुम हो वहीं रुको,"

मिस्टर ज़ोंकर ने चिल्ला कर कहा.

"हम आ रहे हैं!"

आवाज़ और ऊँची हो गई.

ऊम्म्म-पा-पा! ऊम्म्म-पा-पा!

"यह तो कोई बैंड बज रहा है!"

बिग मैक्स ने कहा.

"यह भोंपू किसी को भी धोखा दे सकते हैं."

"शायद आप उतने अच्छे

जासूस नहीं हैं जितना हमने

सुना है," मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"देखते हैं," बिग मैक्स ने कहा.

उन्होंने एक नई आवाज़ सुनी.

अह-मा-मूम्म्म्म!

आवाज़ का पीछा करते-करते

वह समुद्र के पास पहुँच गए.

“मर्विन, तुम कहाँ हो?”

मिस्टर ज़ोंकर ने चिल्ला कर कहा.

“मर्विन एक चतुर मूस है,”

बिग मैक्स ने कहा.

“उसके पाँव के निशान कहीं नहीं हैं.”

उन्होंने फिर वही आवाज़ सुनी,

अह-मा-मूम्म्म्म!

बिग मैक्स को एक नाव दिखाई दी.

“मूस का पीछा करो,” उसने कहा.

“आए, आए, सर,” नाव के कप्तान ने कहा.

धुंध फैलने लगी.

हवा का रंग मटर के सूप समान हो गया.

“मर्विन, क्या तुम उस तरफ हो?”

मिस्टर ज़ोंकर ने ऊँची आवाज़ में पुकारा.

उन्होंने फिर वही आवाज़ सुनी,

अह-मा-मूम्म्म्म!

इस बार आवाज़ बायीं दिशा से आई थी.

“मर्विन!” मिस्टर ज़ोंकर चिल्लाये.

“वहीं रुको!”

आवाज़ दायीं ओर से आई.

अह-मा-मूम्म्म्म!

“मर्विन, उछल-कूद बंद करो,”

मिस्टर ज़ोंकर चिल्लाये.

धुंध हट गई.

“हम धोखा खा गए,” बिग मैक्स ने कहा.

“मूस की आवाज़ एक फॉगहॉर्न जैसी होती है.

लेकिन यह तो असली फॉगहॉर्न

की आवाज़ ही थी.”

फिर धुंध फैल गई.

कन्न्न्र्च!

“हम यहाँ उतरेंगे,” बिग मैक्स ने कहा.

“हम कहाँ पर हैं?” मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

“हम यहाँ पर हैं,” बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन इसी रास्ते से गया था,”

बिग मैक्स ने कहा.

“यह मूस के पाँव के निशान नहीं हैं,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“यह तो एक स्लैड और कुत्तों के निशान हैं.”

“मैं जानता हूँ,” बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन चतुर मूस है

वह किसी स्लैड पर सवार हो गया है.”

बिग मैक्स ने एक कुत्तों का एक दल

और एक स्लैड किराये पर ले ली.

“मुश!” बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन, मैं ठंड से ठिठुर रहा हूँ,”

मिस्टर ज़ोंकर चिल्लाया.

“तुम मेरे साथ ऐसा कैसे कर सकते हो?”

“यह जमी हुई झील है,”

बिग मैक्स ने कहा. “मर्विन इसी ओर गया है.”

“आपको कैसे पता?” मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

“उस बड़े सुराख को देखकर पता लगा,”

बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन और उसकी स्लैड बहुत भारी थी.

बर्फ में बने उस सुराख में वह गिर गए.”

तभी एक अनोखी आवाज़ सुनाई दी.

कड़ड़ड़ड़ड़ड़ड़ड़ड़!

बर्फ टूट गई और बिग मैक्स और मिस्टर ज़ोंकर

बर्फ के अंदर गिर गए.

“मर्विन के साथ भी यही हुआ था,”

बिग मैक्स ने कहा.

“आप एक महान जासूस हैं!”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

अपने को गर्म रखने के लिए उन्होंने आग जलाई

“बेचारा मर्विन,” मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“ठंड से जम गया होगा.”

बिग मैक्स बर्फ की एक पहाड़ी पर खड़ा हो गया.

“ज़रा विचार करते हैं,” बिग मैक्स ने कहा.

“यह पहाड़ी हिल रही है.

पहाड़ियाँ हिलती नहीं हैं.

अब यह पहाड़ी उतनी ऊँची है

जितना ऊँचा पोलर भालू होता है,”

बिग मैक्स ने कहा.

“पोलर भालू की तरह इसके दांत भी हैं.”

आआआआरररररगहहहह!

पहाड़ी ने कहा.

“यह भी एक सुराग है,”

बिग मैक्स ने कहा.

“हम मूस को ढूँढ रहे हैं,

एक पोलर भालू को नहीं.”

“मूस उस ओर हैं,” पोलर भालू ने

गरजती आवाज़ में कहा.

वह एक जंगल में आ गए.

"मर्विन खो गया है,"

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

"उसे पुकारो और देखो,"

बिग मैक्स ने कहा.

मिस्टर ज़ोंकर चिल्लाये.

"मर्विन, तुम कहाँ हो?"

उन्हें एक आवाज़ सुनाई दी.

"अह-हा-हूम्म्म्म!"

"यह मर्विन है!" मिस्टर ज़ोंकर चिल्लाये.

“एक और केस सुलझा लिया,”

बिग मैक्स ने कहा.

“मर्विन,” मिस्टर ज़ोंकर ने कहा,

“यह अन्य मूस कौन हैं?”

“यह मेरी पत्नी है,” मर्विन ने कहा.

“यह दोनों मेरे नन्हे बच्चे हैं.

सब मिस्टर ज़ोंकर को हैलो कहो.

यह हमारे चिड़ियाघर की देखभाल करते हैं”

“अह-हा-हूम्म्म्म!” मर्विन के परिवार ने कहा.

“यह बिग मैक्स हैं,” मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“तुम्हें ढूँढने में इन्होंने मेरी मदद की.”

“गुब्बारों से मुझे सुराग मिला,”

बिग मैक्स ने कहा,

“गुब्बारों और हवा से.”

“बच्चों के गुब्बारे तुम्हारे सींगों में

फंस गए थे. हवा ने तुम्हें ऊपर

उठा लिया और तुम पिंजरे से

बाहर आ गए. गुब्बारे उड़ा कर

तुम्हें पानी तक ले आए.

जब हवा चलना बंद हो गई

तुम पानी में तैर कर

यहाँ आ गए.”

“आपने सही अनुमान लगाया,”

मर्विन ने कहा.

“लेकिन तुम ने ऐसा क्यों किया, मर्विन?”

मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

“मर्विन हर दिन चिड़ियाघर में

बच्चों के साथ खेलता था,”

बिग मैक्स ने कहा,

“उसे अपने परिवार की याद सताती थी.”

“हाँ,” मर्विन ने कहा.

“आप ने फिर से सही अनुमान लगाया है.”

“तुम अपने परिवार को अपने साथ

चिड़ियाघर में ला सकते हो,”

मिस्टर ज़ोंकर ने मर्विन से कहा.

“हॉट डॉग्स भी खा सकता हूँ?”

मर्विन ने पूछा.

“जितने चाहो खा सकते हो,”

मिस्टर ज़ोंकर ने कहा.

“हम साथ चलेंगे,” मर्विन की पत्नी ने कहा.

“हॉट डॉग्स तो मज़ेदार होंगे!”

“मुझे स्वीकार है!” मर्विन ने कहा.

“बिग मैक्स, मर्विन को ढूँढने के लिए

आपकी फीस कितनी है?”

मिस्टर ज़ोंकर ने पूछा.

“अगर आपको आपत्ति न हो तो,”

बिग मैक्स ने कहा,

“फीस के बदले आप मुझे हॉट डॉग्स दे दें.”

“मुझे कोई आपत्ति नहीं है,”

चिड़ियाघर की देखभाल करने वाले ने कहा.

बिग मैक्स ने एक गहरी सांस ली.

उसका छाता उसे ऊपर आकाश में ले गया.

"लौट कर चिड़ियाघर में मिलते हैं,"

दुनिया के सबसे महान जासूस,

बिग मैक्स ने चिल्लाकर कहा.

अंत